केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
क्षेत्रीय कार्यालय / **BHOPAL REGION**
E.Mail: acbhopal@yahoo.com

Phone:2550728 (DC)
2551678 (ACs)
2551699 (AO/FO)
Fax: 0755-2553126
Opp. Maida Mills
Bhopal-462011

फा. 140035/2023–केविसं/भोपाल/ दिनांक 05.09.2023

संदेश

भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एवं राष्ट्र के एक शिक्षक के रूप में उनके द्वारा दिए गए योगदान को प्रेरणास्वरूप स्मरण में रखने के लिए प्रतिवर्ष 05 सितम्बर शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस न केवल श्री राधाकृष्णन बल्कि राष्ट्र के सर्वांगीण निर्माण में शिक्षक के रूप में अपनी उल्लेखनीय भूमिका देने वाले सभी शिक्षकों के लिए समर्पित है।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन विश्व की सबसे बड़ी विद्यालयीन श्रृंखला होने के साथ ही भारत राष्ट्र के निर्माण में अग्रसर एक श्रेष्ठ निकाय है। संगठन परिवार में प्राथमिक शिक्षक, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, स्नातकोत्तर शिक्षक अन्य विविध संवर्ग जैसे खेल एवं शारीरिक शिक्षा, कला, कार्यानुभव, संगीत एवं विभिन्न शिक्षणेतर गतिविधियों के संचालन हेतु उचित अव्यवों की संरचना की गई है जो केन्द्रीय विद्यालयों में आने वाले नौनिहालों के नैसर्गिक विकास उनकी मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता में अक्षुण्ण योगदान देते हैं ताकि विद्यार्थी स्कूली शिक्षा में पारंगत होकर कैरियर के अगले स्तर पर सुदृढ़ कदमों से आगे बढ़ सकें । विद्यार्थियों के इस उन्यन में केन्द्रीय विद्यालयों के प्राकृतिक परिवेश में खेल–कूद की गतिविधियों, कला एवं संगीत में पारंगत हमारे शिक्षक विद्यार्थियों को नवाचार से भी ओतप्रोत कराते हैं । इस स्तर पर प्राचार्य/उप–प्राचार्य में विद्यमान एक अनुभवी शिक्षक के रूप में पर्यवेक्षण विद्यार्थियों एवं स्टाफ को प्रोत्साहन प्रदान करता है।

इस वर्ष श्रीमती चेतना खंबेटे, पीजीटी (जीव विज्ञान), केन्द्रीय विद्यालय क्र -2 इन्दौर को राष्टीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । यह भोपाल संभाग के लिए अत्यन्त ही गौरव का क्षण है । आशा करता हूॅ कि आगामी वर्षो में संभाग के अन्य शिक्षक भी इस पुरस्कार के लिए प्रयासरत होगें ।

शिक्षक दिवस के इस अवसर पर हमारे विद्यालयों के सभी शिक्षकों को उनके अध्ययन अध्यापन कार्य एवं विद्यार्थियों के पथप्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं एवं बधाईयां संप्रेषित हैं । विश्वास है कि हमारे शिक्षक अपने इन्हीं सतत प्रयासों एवं दूरदर्शिता से संभाग के विद्यार्थियों को श्रेष्ठ परिणामों की ओर उन्मुख करेंगे एवं उन्हें एक बेहतर नागरिक के रूप में राष्ट्र विकास में योगदान देने के लिए उत्प्रेरित करेंगे।

शिक्षक दिवस पर पुन: हार्दिक बधाई

आर सेन्दिल कुमार
(आर. सेन्दिल कुमार)
उपायुक्त